हिन्दी पखवाड़ा

भारत सरकार की राजभाषा नीति/नियमों के अनुसरण में राजभाषा हिन्दी noके प्रचार-प्रसार के लिए वर्ष भर कई समारोहों का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' मनाया जाता है l

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरुग्राम द्वारा हर वर्ष हिंदी भाषा के संवर्धन हेतु हिंदी पखवाड़ा मनाया जाता है। 21 अगस्त से 14 सितंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे -भाषण, कविता पाठ, नारा लेखन व कहानी लेखन आदि के माध्यम से हिंदी पखवाड़े का आयोजन करवाया जाता है ।उक्त आयोजन हेतु कक्षावार समूह 1(कक्षा चौथी से पांचवी) समूह 2(कक्षा छठी से आठवीं) तथा समूह 3(कक्षा नौवीं से12वीं) बनाए जाते हैं। कार्य के विधिवत संचालन हेतु स्कूल स्तर पर एबीआरसी के सहयोग से तथा जहां एबीआरसी नहीं है वहां क्लस्टर इंचार्ज के सहयोग से कार्य करवाया जाता है। सभी प्रतियोगिताएं चरण अनुसार विद्यालय स्तर से प्रारंभ करते हुए खंड व जिला स्तर तक आयोजित की जाती हैं विद्यालय स्तर पर विजेता प्रतिभागी प्रथम, द्वितीय ,तृतीय खंड स्तर पर तथा खंड स्तर पर विजेता प्रतिभागी जिला स्तर पर प्रतिभागिता करते हैं। 14 सितंबर को राज्य की सभी डाइट अपने-अपने संस्थान में आयोजित हिंदी दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को आमंत्रित कर तथा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन करते हैं।

हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत खंड स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वपल्ली राधाकृष्णन लैब स्कूल के विद्यार्थियों का खंड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा l

कक्षा समूह चौथी व पांचवीं*

1.चित्र देखकर कविता लेखन प्रतियोगिता-

श्रेया कक्षा -चौथी स्थान -प्रथम

2.कविता पाठ प्रतियोगिता-

वंदिता कक्षा -पांचवीं स्थान-प्रथम

3.भाषण प्रतियोगिता -

अनन्या कक्षा-पांचवीं स्थान-प्रथम

4.व्याकरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता-

खुशबू कक्षा पांचवीं स्थान-द्वितीय

5.निबंध लेखन प्रतियोगिता-

याचिका कक्षा -पांचवीं स्थान-तृतीय

कक्षा समूह छठी से आठवीं

घटना एवं दृश्य लेखन प्रतियोगिता- सुप्रिया जागड़ा कक्षा-आठवीं स्थान-प्रथम

सभी विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों और अभिभावकों को माननीय डॉक्टर वी.पी यादव, अध्यक्ष, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।